मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-129
12/03/2021

मुख्यमंत्री के समक्ष ऊर्जा विभाग द्वारा डगमारा मल्टीपर्पस हाईड्रो पॉवर प्रोजेक्ट का दिया गया प्रस्तुतीकरण

- **पर्यावरण के दृष्टिकोण से हाईड्रो पॉवर और सोलर एनर्जी उपयोगी हैः मुख्यमंत्री**

पटना, 12 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष आज एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में ऊर्जा विभाग द्वारा डगमारा मल्टीपर्पस हाईड्रो पॉवर प्रोजेक्ट से संबंधित प्रस्तुतीकरण दिया गया। ऊर्जा विभाग के सचिव श्री संजीव हंस ने डगमारा प्रोजेक्ट (130 एम0 ड्ब्ल्यू0) के प्रोजेक्ट बैकग्राउंड, ले–आउट, एडिशनल बेनिफिट आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट सुपौल जिले के अंतर्गत कोसी बराज से नीचे और कोसी महासेतु से थोड़ा ऊपर बनाया जाएगा। विशेषज्ञों द्वारा अध्ययन कर इसकी डिजाईन तैयार की गयी है। यह मल्टीपर्पस हाईड्रो पॉवर प्रोजेक्ट होगा।

प्रस्तुतीकरण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि डगमारा मल्टीपर्पस हाईड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के बन जाने से बिजली के निर्माण के साथ–साथ कई अतिरिक्त लाभ होंगे। पर्यावरण के दृष्टिकोण से हाईड्रो पॉवर और सोलर एनर्जी उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि हमें तटबंध के आसपास रहने वाले लोगों की सहुलियत को भी ध्यान में रखना होगा। मुख्य बांध की मजबूती और सुरक्षा के प्रति भी सतर्क रहना होगा। कोसी नदी में होने वाली गाद की समस्या पर भी ध्यान देना होगा।

बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार सहित ऊर्जा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******